# हरियाणा नये क्षितिज की ओर



हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जिसने हर क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। महिलाओं का सशक्तिकरण, युवाओं को रोज़गार, बिजली संयंत्र और एजुकेशन हब बनाने के लक्ष्य को पूरा करना, किसानों की बेहतरी व पिछड़े वर्गों का कल्याण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं से उनके आर्थिक एवं सामाजिक जीवन स्तर में सुधार आने लगा है। समाज के सभी तबकों का बराबर विकास हमारी प्रतिबद्धता है। प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए पुलों एवं सड़कों तथा अन्य बुनियादी ढांचों का विकास किया जा रहा है जिससे विकास की गति और तीव्र होगी।

**भूपेन्द्र सिंह हुड्डा**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

## मुख्य योजनाएं :

भवनों एवं सड़कों के निर्माण एवं नवीनीकरण के कार्य हेतु 1600 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान।

हरियाणा बिजली के मामले में एक सरप्लस स्टेट बनने की ओर अग्रसर। राज्य सरकार को केन्द्र सरकार द्वारा जिला फतेहाबाद के कुम्हारिया में परमाणु बिजली संयंत्र बनाने की सैद्धांतिक स्वीकृति जिस पर 12 हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी।

सरकार द्वारा राज्य के लोगों के लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने हेतु 1500 करोड़ रुपये की महत्त्वाकांक्षी योजना को स्वीकृति।

राज्य सरकार महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास को प्राथमिकता देती है। स्थानीय निकायों तथा शैक्षणिक एवं तकनीकि संस्थानों में महिलाओं को नौकरियों में आरक्षण दिया जाएगा।

"इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी विवाह शगुन योजना" के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अनुसूचित जाति के परिवारों व सभी वर्गों की विधवाओं को स्वयं के पुनर्विवाह और उनकी बेटी की शादी के अवसर पर दी जाने वाली शगुन राशि 15,000 रुपये से बढ़कर 31,000 रुपये।

गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले समाज के शेष वर्गों के परिवारों को दी जाने वाली शगुन राशि भी 5,100 रुपये से बढ़ाकर 11,000 रुपये।



